प्रेषक,

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड,
ननूरखेड़ा, देहरादून।

सेवा में,

समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी,
उत्तराखण्ड।

पत्रॉक/वरिष्ठता/13231-33 /पदोन्नति/2021–22 दिनांक 24 सितम्बर,2021

विषयः– **स0अ0 एल0टी0 से प्रवक्ता संवर्ग में पदोन्नत होने वाले शिक्षकों को पात्रता सूची का अवलोकन कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक स0अ0 एल0टी0 से प्रवक्ता संवर्ग में मौलिक पदोन्नति की प्रकिया गतिमान है, इस हेतु शिक्षकों की विषयवार गोपनीय प्रविष्टियां संकलित की गयी है। इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि, विषयवार पदोन्नति हेतु पात्रता सूची में सम्मिलित समस्त शिक्षकों का विवरण विभागीय वैब–**www.schooleducation.uk.gov.in** पर इस आशय से अपलोड किया जा रहा है कि, विषयवार पात्रता सूची में सम्मिलित शिक्षक अपने सेवा विवरण यथा जन्मतिथि, वरिष्ठता कमांक, विषय आदि का भली भांति परीक्षण कर लिया जाय।

परीक्षण हेतु Check Point :–

1– जन्मतिथि

2– वरिष्ठता कमांक

3– जिस विषय की पात्रता सूची में नाम सम्मिलित हैं उस विषय में स्नातकोत्तर उपाधि।

4– यदि वरिष्ठता सूची में मात्र स्नातकोत्तर (PG) अंकित होने के कारण अथवा वरिष्ठता सूची में नाम होते हुए भी विषय की पात्रता सूची में नाम अंकित नहीं है तो स्नातकोत्तर विषय के अभिलेखीय साक्ष्य सहित प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया जाय।

उपर्युक्त Check Point का परीक्षण कर विषयवार/संवर्गवार सूची में सम्मिलित शिक्षक तथा पात्रता सूची से छूटे हुए शिक्षक त्रुटि का विवरण अभिलेखीय साक्ष्य सहित एक सप्ताह के अन्तर्गत अनिवार्य रूप से निदेशालय की ई मेल आई.डी. eduukseniority@gmail.com पर उपलब्ध करा सकेगें।

तद्नुसार पात्रता सूची में सम्मिलित शिक्षकों को तत्काल उक्तवत् सूचना से अवगत कराना सुनिश्चित करें तथा इस आशय से निदेशालय को भी सूचित करें कि शिक्षकों को उक्त सूचना से अवगत करा दिया गया है।

भवदीय

24.09.2021

(एस0पी0खाली)
अपर निदेशक
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड।

पृ0सं0/वरिष्ठता/13231-33 /पदोन्नति/2021–22 दिनांक उक्तांकित।

प्रतिलिपि, निम्नांकित को सूचनार्थ एवं उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रेषितः–

1– अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मण्डल पौड़ी/कुमायूं मण्डल नैनीताल।

2– समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड।

24.09.2021

(एस0पी0खाली)
अपर निदेशक
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड।